एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

वेस्टर्न और इंडियन कपड़ों के फ्यूजन को पसंद करती हैं तापसी पन्नू

अभिनेत्री तापसी पन्नू को भारतीय और पश्चिमी परिधानों के सटीक फ्यूजन के साथ प्रयोग करना पसंद है. उनका कहना है कि उनका निजी स्टाइल स्वतंत्रता और उनके आत्मविश्वास को दर्शाता है. तापसी कपड़ों के ब्रांड मेलान्ज बाई लाइफस्टाइल की ब्रांड एंबेसडर भी हैं. उन्होंने एक बयान में कहा, मेरी नजर में स्टाइल आपके वास्तविक व्यक्तित्व को दर्शाता है और कपड़े व एक्सेसरीज ऐसे होने चाहिए जो उसे उभारें. मैं वेस्टर्न शैली के कपड़ों में भारतीय रंगों और पैटर्न का फ्यूजन बेहद पसंद करती हूं. मेरा निजी स्टाइल ऐसा है जो मेरी शख्सियत, स्वतंत्रता और खूबसूरती को सहजता के साथ दर्शाए.

उन्होंने कहा कि वह आधुनिकता का पुट लिए अच्छे रंगों वाले पारंपरिक परिधान पसंद करती हैं. उन्हें क्लासी कट्स, आधुनिक रूपांकन और चटख प्रिंट वाले एथनिक वेयर पसंद है. फिल्म पिंक की अभिनेत्री ने यह पूछे जाने पर कि उनका वार्डरोब उनके व्यक्तित्व को कैसे दर्शाता है, उन्होंने कहा, मजेदार, रंगीन, सहज और जीवंत- मैं और मेरा वार्डरोब ऐसे ही हैं. गौरतलब है कि तापसी ने कुछ वक्त पहले ही अभिषेक बच्चन के साथ अपनी अगली फिल्म मनमर्जियां की शूटिंग खत्म की है. इस फिल्म से अभिषेक लगभग 2 साल बाद बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं और वह अपनी इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं.

इसके अलावा, तापसी जल्द ही पंजाबी फिल्मों के एक्टर और सिंगर दिलजीत दोसांज के साथ फिल्म सूरमा में भी नजर आने वाली हैं. इस फिल्म में तापसी का किरदार एक बेटी, एक खिलाड़ी और एक बहादुर लड़की का है. यह फिल्म हॉकी खिलाड़ी संदीप सिंह के जीवन पर आधारित है और 13 जुलाई को रिलीज होने वाली है.

अपने पसंदीदा कपड़ों की नीलामी करेंगी आलिया

हाल ही में रिलीज़ फिल्म राज़ी में अपनी जबरदस्त ऐक्टिंग के लिए तारीफें बटोर रहीं आलिया भट्ट अब एक ऐसा काम करने जा रही हैं, जिसके बारे में जानकर आप भी उन पर गर्व महसूस करेंगे। दरअसल आलिया अपने वॉरड्रोब से अपनी कुछ पसंदीदा चीजों की नीलामी कर रही हैं।

इससे जो भी पैसे मिलेंगे, वे एक चैरिटी संस्था को जाएंगे, जो खराब प्लास्टिक की बोतलों को रीसाइकल कर उन लोगों को सौर ऊर्जा उपलब्ध कराने का काम करती है, जिन्हें बिजली नहीं मिल पाती। आलिया ने कहा कि पर्यावरण को लेकर वह काफी सजग हैं और प्लास्टिक इसे काफी नुकसान पहुंचा रहा है। आलिया ने इस नीलामी को माय वॉरड्रोब इज शू वॉरड्रोब रखा है। यह नीलामी शनिवार और रविवार को खार के नाइट मार्केट में होगी।

आलिया ने कहा कि वह पिछले तीन सालों से अपने वॉरड्रोब में पड़ी चीजों की नीलामी के बारे में सोच रहीं थीं क्योंकि बीते कई सालों में उन्होंने इतनी सारी चीजें खरीदीं, जो उन्होंने न तो कभी पहनीं और न ही किसी को गिफ्ट कीं। आलिया ने आगे कहा, मैं बहुत जल्द ही अपने कपड़ों से बोर हो जाती हूं और मुझे हमेशा नए कपड़े चाहिए। जहां तक स्टाइल की बात है तो मुझे आरामदेह और साधारण कपड़े पसंद हैं। मैं ब्रांड पर जोर नहीं देती। इस नीलामी में आलिया की टी-शर्ट्स से लेकर स्कर्ट तक शामिल हैं। आलिया ने फिल्म शानदार के प्रमोशन के दौरान जो कपड़े पहने थे, उन्हें भी नीलाम किया जाएगा।

करीना, जैकलिन और स्वरा मेरे करीबी दोस्त हैं: सोनम कपूर

हाल ही में बिजनसमैन आनंद आहूजा से शादी करने वाली बॉलिवुड ऐक्ट्रेस सोनम कपूर अब अपनी आने वाली फिल्म वीरे दी वेडिंग को लेकर एक्साइटेड हैं। हाल ही में उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में उनके सबसे करीबी दोस्त कौन हैं।

सोनम से पूछा गया कि क्या सच्चे दोस्त बॉलिवुड में नहीं बनाए जा सकते हैं तो उन्होंने कहा, यह बात पूरी तरह से गलत है। जैकलिन, बेबो (करीना) और स्वरा मेरे सबसे करीबी दोस्तों में से एक हैं। बता दें, रणबीर कपूर की आने वाली फिल्म संजू में भी सोनम ने अहम किरदार निभाया है। इस बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, सही समय आने पर इस बारे में बताऊंगी। फिलहाल, मैं किसी भी जानकारी का खुलासा नहीं कर सकती। 29 जून को रिलीज होने वाली डायरेक्टर राजकुमार हिरानी की संजू में दिया मिर्जा, मनीषा कोइराला, परेश रावल और अनुष्का शर्मा भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। वहीं, डायरेक्टर शशांक घोष की फिल्म वीरे दी वेडिंग में सोनम कपूर के अलावा करीना कपूर, स्वरा भास्कर और शिखा तल्सानिया जैसी ऐक्ट्रेसेस भी नजर आएंगी। फिलहाल, सोनम 71वें कान फिल्म फेस्टिवल को अटेंड करने पहुंची हुई हैं।